
# पाठ 4
# हम भी सीखें

**आइए सीखें-** ● त्याग, सेवा और सहयोग की भावना की विकास। ● समानार्थी और विलोम शब्दों की पहचान करना। ● पर्यायवाची शब्दों से परिचय। ● विशेषण के प्रयोग की समझ




देश हमें देता है सब कुछ,
हम भी तो कुछ देना सीखें।

सूरज हमें रोशनी देता,
हवा नया जीवन देती है।
भूख मिटाने को हम सब की,
धरती पर होती खेती है।

औरों का भी हित हो जिसमें,
हम ऐसा कुछ करना सीखें।

पथिकों को जलती दुपहर में,
पेड़ सदा देते हैं छाया।
खुशबू भरे फूल देते हैं,
हम को नए फलों की माया॥

त्यागी तरुओं के जीवन से,
हम भी तो कुछ जीना सीखें।

जो अनपढ़ हैं, उन्हें पढ़ाएँ,
जो चुप हैं, उनको वाणी दें।
जो पिछड़ा है, उसे बढ़ाएँ,
प्यासी मिट्टी को पानी दें।

हम मेहनत के दीप जलाकर,
नया उजाला करना सीखें।

- गोपाल कृष्ण कौल

**शिक्षण संकेत-** ● सस्वर वाचन करें व कराएँ ● त्याग, सेवा, मेहनत से सम्बन्धित अन्य कविता सुनाएँ ● समानार्थी एवं पर्यायवाची शब्दों द्वारा कविता का भाव स्पष्ट किया जाए। ● नैतिक मूल्यों का महत्व बताएँ।




**बोध प्रश्न :-**

**1. निम्नांकित शब्दों के अर्थ पुस्तक में दिए शब्दकोश से खोजकर लिखो-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हित | - | .................. | तरु | - | ................ |
| त्यागी | - | ................. | वाणी | - | ................ |
| पथिक | - | ................. | खुशबू | - | ............... |
| माया | - | ................ | पिछड़ा | - | ............... |
| | | | अनपढ़ | - | ............... |

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

(क) अनपढ़ व्यक्तियों के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य है?

(ख) धरती से हमें क्या-क्या प्राप्त होता है?

(ग) पेड़ हमारी सेवा किस प्रकार करते हैं?

(घ) पिछड़े व्यक्तियों के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य हैं?

(ङ) देश को आप क्या देना चाहते हैं और क्यों?

(छ) 'देश हमें देता हैं सब कुछ' में कवि का 'सब कुछ' से क्या आशय हैं, लिखिए?

**3. कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

क) सूर्य से हमें प्राप्त होता है ..................(रोशनी, पानी, अन्धकार)

ख) पेड़ों से हमें प्राप्त होता है..................(धूप, फल, पानी)

ग) हवा से हमें प्राप्त होता है..................(भूख, जीवन, प्यास)

घ) दीपक से हमें प्राप्त होता है................(अंधेरा, छाया, उजाला)

**4. कविता की पंक्तियों द्वारा पूर्ति कीजिए-**

क) औरों का भी हित हो जिसमें

.................................. ।

ख) हम मेहनत के दीप जलाकर,

.................................. ।

ग) देश हमें देता है सब कुछ

.................................... ।

## भाषा अध्ययन

**1. निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए तथा उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए-**

मिट्टी, वाणी, पथिक, रोशनी, अनपढ़, पिछड़ा।

**2. निम्नलिखित शब्दों के सामने उनके पर्यायवाची शब्द दिए हैं, इनमें एक शब्द सही नहीं है, उस पर गोला लगाइए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | तरु | – | वृक्ष, पादप,लता, पेड़ |
| (ख) | धरती | – | जमीन, पृथ्वी, धरा, भूधर |
| (ग) | हवा | – | वायुयान, पवन, समीर, वायु |
| (घ) | फूल | – | पुष्प, कुसुम, फल, पुहुप |
| (ङ) | सूरज | – | दिनपति, भास्कर, रजनीपति, दिनकर |

**3. निम्न लिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए-**

(क) हमें देश को कुछ देना सीखना है।

(ख) हवा नया जीवन देती है।

(ग) धरती पर खेती होती है॥

(घ) पेड़ छाया देता है।

**4. निम्नलिखित शब्दों में से विशेषण चुनकर अलग लिखिए-**

नया जीवन , जलती दुपहरी, खुशबूदार फूल, नए फल, अनपढ़ बालक, प्यासी मिट्टी, नया उजाला, त्यागी तरू।

**5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-**

| | | |
|---|---|---|
| हित – ................. | प्रारम्भ – ................ | जीवन – ............... |
| प्रकाश –................ | सुगन्ध – ................ | नया – .............. |

6. **दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों को बहु वचन में बदलकर पुनः वाक्य लिखिए।**

जैसे- पथिक को भोजन दो। - पथिकों को भोजन दो।

(क) राम खेत में पानी देता है।

(ख) पेड़ की छाया शीतल होती है।

(ग) फूल पर तितली बैठी हैं।

(घ) फल को खराब होने से बचाना चाहिए।

(ङ). त्यागी तरु से कुछ सीख लेना चाहिए।

(च) अनपढ़ को शाला में पढ़ने भेजिए।

## योग्यता विस्तार

1. कक्षा में पृथ्वी, पहाड, नदी, सूर्य, वन आदि से हमें क्या-क्या प्राप्त होता हैं चार्ट बनाइएं
2. 'हम भी सीखें' कविता में दर्शाए भावों से सम्बन्धित अन्य कविताओं का संकलन करिए?
3. प्रेरणा प्रदान करने वाली कविता अथवा लेख आप स्वयं लिखने का प्रयास करिए और उसे बालसभा में सुनाइए?
4. धरती और पेड़ों के प्रति हमारे क्या कर्त्तव्य हैं? कक्षा में चर्चा कीजिए।
5. नीचे पट्टिकाओं पर कुछ सन्देश लिखे हैं इन्हें आप पढ़े और उन पर विचार करें?

